पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

स्टांप तथा पंजीयन मंत्री श्री रवींद्र जायसवाल ने 10 उप निबंधक कार्यालयों का किया वर्चुअल शिलान्यास

रजिस्ट्री कार्यालयों में आमजन को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है डबल इंजन सरकार–श्री रवींद्र जायसवाल

विभिन्न जनपदों में आयोजित शिलान्यास समारोहों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़–चढ़कर की भागीदारी

लखनऊ : 01 जुलाई, 2026

उत्तर प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवींद्र जायसवाल ने आज प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आम जनता की सुविधा हेतु नवनिर्मित 10 उप निबंधक कार्यालयों एवं अभिलेखागारों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह शिलान्यास कार्यक्रम मथुरा, कुशीनगर, झांसी, गोण्डा, मुरादाबाद, अमरोहा, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ और बाराबंकी जनपदों में विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार रजिस्ट्री कार्यालयों में आने वाले आमजन को हर अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इन नए और विस्तारित भवनों के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को विलेखों के पंजीकरण और शासकीय अभिलेखों के सुरक्षित रख–रखाव में अत्यधिक सुगमता होगी।

इस वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सभी 10 शिलान्यास स्थलों पर भव्य स्थानीय समारोहों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। आगरा मंडल के मथुरा जनपद के सदर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य श्री तेजवीर सिंह, सांसद श्रीमती हेमामालिनी, विधान परिषद सदस्य श्री योगेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य श्री ठा० ओमप्रकाश सिंह तथा विधायक पं० श्रीकान्त शर्मा उपस्थित रहे। वहीं गोरखपुर मंडल के कुशीनगर जनपद के कप्तानगंज में आयोजित समारोह में सांसद श्री विजय कुमार दूबे तथा विधायक श्री विनय प्रकाश गोंड ने सहभागिता की। झांसी मंडल के झांसी जनपद के सदर में आयोजित कार्यक्रम

में सांसद श्री अनुराग शर्मा, विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा तथा विधायक श्री रवि शर्मा मौजूद रहे। देवीपाटन मंडल के गोण्डा जनपद के सदर में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक श्री प्रतीक भूषण सिंह, विधान परिषद सदस्य श्री अवधेश कुमार सिंह (मंजू सिंह) तथा सांसद श्री कीर्तिवर्धन सिंह ने हिस्सा लिया।

इसके अतिरिक्त मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत मुरादाबाद जनपद के सदर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि इसी मंडल के अमरोहा जनपद के हसनपुर में आयोजित समारोह में सांसद श्री कवंर सिंह तंवर, विधायक श्री महेन्द्र सिंह खड़गवंशी तथा विधान परिषद सदस्य डा० हरि सिंह ढिल्लो ने भागीदारी की। लखनऊ मंडल के सीतापुर जनपद के सदर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राज्य मंत्री कारागार श्री सुरेश राही, राज्य मंत्री नगर विकास श्री राकेश राठौर तथा विधान परिषद सदस्य श्री पवन सिंह चौहान सम्मिलित हुए। लखनऊ मंडल के ही हरदोई जनपद के सदर में आयोजित समारोह में सांसद श्री जय प्रकाश, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन अग्रवाल तथा विधान परिषद सदस्य श्री अशोक कुमार अग्रवाल ने सहभागिता की। लखनऊ जनपद के मोहनलालगंज में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक श्री अमरेश कुमार रावत मौजूद रहे। अयोध्या मंडल के बाराबंकी जनपद के सदर में आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य श्री अंगद कुमार सिंह उपस्थित रहे। इन सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में रजिस्ट्री कार्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार के इस जनहितैषी प्रयास की सराहना की।

सम्पर्क सूत्र– डा0 मनोज चन्द्रा

राघवेन्द्र / 06:00 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in